# बड़े निवेशकों को प्राथमिकता पर मिलेगी उद्योग के लिए जमीन

लखनऊ। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के तहत प्रदेश में 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करार करने वाले निवेशकों को प्राथमिकता के आधार पर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। औद्योगिक विकास विभाग ने बड़े निवेशकों के निवेश करार धरातल पर उतारने के लिए उनसे संपर्क और समन्वय की कार्यवाही शुरू कर दी है। सम्मेलन में 33.50 लाख करोड़ के निवेश के लिए 19,058 करार हुए हैं। शत प्रतिशत विदेशी निवेश वाली कंपनियों को उनकी विस्तृत कार्ययोजना मंजूर होते ही जमीन का आवंटन किया जाएगा। बुंदेलखंड और पूर्वांचल में जमीन खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में शत प्रतिशत छूट मिलेगी। मध्यांचल व पश्चिमांचल में स्टांप ड्यूटी पर 75 फीसदी और नोएडा व गाजियाबाद में स्टांप ड्यूटी पर 50 % छूट मिलेगी। ब्यूरो